हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 1 जुलाई 2025

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

10 शीतला मंदिर में पूजा-अर्चना करने उमड़ी श्रद्धालुओं...

12 अरुण की पहल से फिर गुलजार हुआ देवांगन ...


## खबर संक्षेप

### 64 हजार का गांजा जब्त एक युवक गिरफ्तार



**सिमगा।** सिमगा पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों, अवैध महुआ शराब बनाने वाले, जुआ सट्टा एवं अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले अंवैधानिक तत्वों की धरपकड़ लगातार जारी है। इसी क्रम में अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले 1 आरोपी को पकड़ा गया है। जब्त गांजे का बाजार मूल्य 64 हजार 650 रुपए बताया जा रहा है है। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर सोमवार को सिमगा पुलिस ने ग्राम लांजा पंचायत भवन के पास नहर किनारे घेराबंदी कर मोटरसाइकिल के माध्यम से अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले 1 आरोपी नेपाल जोशी उम्र 38 साल निवासी ग्राम लांजा थाना सिमगा को पकड़ा गया है। इस दौरान आरोपी के पास रखे प्लास्टिक थैले से पैकेट में भरा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। तलाशी कार्रवाई पश्चात मिले गांजा का विधिवत तौल किया गया। कुल 4.310 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया। जिसे जब्त किया गया है। साथ ही प्रकरण में आरोपी से एक मोटरसाइकिल क्र.ओडी 31 ए 6118 तथा एक मोबाइल भी जब्त किया गया है। प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

### समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराने कांग्रेस ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



लवन। किसानों को समय पर खाद, बीज, दवाई उपलब्ध कराने कांग्रेस नेता ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम आवेदन शाखा प्रबंधक, ग्रामीण सेवा सहकारी समिति लवन के नाम सौंपा है। समिति प्रबंधक राहुल यदु को कांग्रेस सेवा दल प्रदेश सचिव अजय ताम्रकार के नेतृत्व में यह आवेदन सौंपा गया। कांग्रेस नेता अजय ताम्रकार ने आरोप लगाया कि सहकारी समितियों में समय पर खाद नहीं मिल रही है, जिससे किसान मजबूरी में निजी दुकानों से कई गुना ज्यादा दामों पर खाद खरीदने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि सरकार खाद की आपूर्ति में नाकाम रही है, जिससे किसानों की लागत बढ़ रही है और वे आर्थिक रूप से टूट रहे हैं। पार्षद मृत्युंजय पाण्डेय ने कहा कि मानसून की बुवाई हो चुकी है और किसानों के पास खाद नहीं है। सरकार किसानों के लिए जल्द खाद उपलब्ध कराए। पार्षद प्रकाश ताम्रकार, पार्षद येशु दास निराला, अखिलेश जोशी, प्रकाश साहू सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### लक्ष्मीपुर में पति-पत्नी से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** पति-पत्नी से मारपीट करने के मामले में बागबाहरा थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया डिगेश्वरी सेन पति लखन सेन ने बताया कि लक्ष्मीपुर में उसके पति सेलून की दुकान और उससे लगा घर है। 18 जून को शाम करीब उसने आवाज सुनी तब बाहर निकल कर देखी तो आगेश्वर तांडी पिता जयराम तांडी शराब के नशे में उसके पति की दुकान में घुसकर मारपीट कर गाली गलौज कर रहा था। वह अपने पति को छुड़ाने गई, तब आरोपी ने उसके साथ भी गाली गलौज कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

# यदुवंशियों के अपमान पर यादव समाज बिफरा, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष यदु के आतिथ्य में जिला मुख्यालय में उत्तर प्रदेश के इटावा में यादव कथा वाचक के साथ किए गए दुर्व्यहार का विरोध करते हुए जिला मुख्यालय के गार्डन चौक में यादव समाज के अपमान का विरोध किया। इससे देश के करोड़ों यदुवंशी अपने आप को अपमानित महसूस करते हुए आक्रोषित होकर राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर दोषियों कों फांसी की सजा देने की मांग करते हुए सड़क पर प्रदर्शन किया। इसमें प्रमुख रूप से भाटापारा महासभा के अध्यक्ष पुहूप राम यदु, अभा. यदुवंशी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष यदु, महासचिव भीखम यदु, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष शिवराम यादव, कार्यकारी जिलाध्यक्ष बोधन यादव, अभा जिलाध्यक्ष इंद्रजीत यदु, महिला जिलाध्यक्ष गीता यादव, तहसील अध्यक्ष कमलेश्वर यदु, रीवाराज, अध्यक्ष हरीश यादव, रतन यादव, सुरेंद्र यदु, अभय राम यादव, धीरज यादव, सनत यदु, सतीश यादव, योगेश यदु, गैंदु, गोपाल यदु, तिलक, खुशी राम, रामकुमार, इतवारी, सुनीता यदु, पुष्पा यादव, जिला सचिव मंजू यादव, तीजमती, कुवरिया, पूनम, दिनेश यादव, बंटी, सनत यदु, ओमप्रकाश यदु, काशी यदु, अर्जुन यदु, जितेंद्र यदु, रतन यदु, पूनम यादव, भारती, गौरी सहित सर्व यादव समाज के लोग शामिल हुए।

**आंदोलन में शामिल हुए अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष यदु**



#### फांसी दो के नारे लगाएं

उन्होंने विरोध प्रदर्शन में कहा यादवों पर अत्याचार नहीं सहेंगे, यादव कथा वाचक से दुर्व्यवहार करने वालों को फांसी दो के नारे लगाते हुए उत्तर प्रदेश के इटावा में यादव कथा वाचक के साथ दूर्व्यहार करते हुए तथाकथित ब्राह्मण युवकों ने कथावाचक को व्यासपीठ से उतार कर मारपीट करते हुए उनकी चोटि काट कर मुंडन कर महिला की पेशाब छिड़क कर घृणित कार्य कर मानवता की सारी हदे पार कर दी है।

## आक्रोश : किसानों की भूमि पर बन रहा रावन से सीमेंट संयंत्र तक मार्ग

# मुआवजे की मांग पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, सड़क नहीं बनाने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

रावन से अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट की ओर जाने वाला मार्ग अब जानलेवा स्थिति में पहुंच चुका है। इस मार्ग से रोज़ाना स्कूल के बच्चे, स्थानीय ग्रामीण और आम जनता गुजरते हैं।

वहीं प्लांट की भारी भरकम वाहनों का लगातार आवागमन सड़क को और भी क्षतिग्रस्त कर रहा है। सोमवार दोपहर को तहसीलदार, पुलिस बल तथा राजस्व विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्लांट की ओर से सड़क मरम्मत कार्य प्रारंभ कराया गया। इसी दौरान ग्राम के स्थानीय किसानों ने विरोध जताया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क जिस भूमि पर बन रही है, वह उनकी निजी ज़मीन है और प्लांट की भारी वाहनों की आवाजाही से यह सड़क बुरी तरह टूट चुकी है।

सुहेला तहसीलदार किशोर वर्मा ने बताया कि रावन से होकर चुचरुंगपुर होकर पलारी जाने वाला रास्ता है। मुख्य मार्ग है बहुत बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है। बरसात का समय है। गड्ढे को भरा जाना जरूरी है। यहां से सारे ग्रामीणजन गुजरते हैं। स्कूली बच्चे भी साइकिल से आना जाना करते हैं। दुर्घटना होने की संभावना रहती है। अभी हाल ही में दुर्घटना हुई थी, उसी परिपेक्ष्य में रोड को ▶▶ शेष पेज 09 पर

**भारी वाहनों से गड्ढे में तब्दील हो गया है रोड**



#### पुलिस हस्तक्षेप से बिगड़े हालात

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने हस्तक्षेप किया और विरोध कर रहे ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, परंतु स्थानीयों के अनुसार पुलिस ने बल प्रयोग कर कुछ लोगों को जबरन गाड़ी में बैठाने की कोशिश की, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन द्वारा जबरन निर्माण कराया जा रहा है।

#### ग्रामीणों की अपील शासन से

ग्रामीणों ने प्रशासन और शासन से अपील की है कि उन्हें उनकी ज़मीन का उचित हक और मुआवजा दिया जाए। वे चाहते हैं कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं की जाती, तब तक प्लांट की भारी वाहनों को इस मार्ग से प्रतिबंधित किया जाए।



#### ग्रामीणों की मांग-उचित मुआवजा

ग्रामीणों का आरोप है कि वे कई बार प्लांट प्रबंधन से मुआवजे की मांग कर चुके हैं, लेकिन अब तक सिर्फ मौखिक आश्वासन ही मिला है। कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। किसानों ने यह भी कहा कि वे सड़क के उपयोग पर आपत्ति नहीं कर रहे हैं, लेकिन जब तक उचित मुआवजा नहीं मिलेगा, वे मरम्मत कार्य को अनुमति नहीं देंगे।

# कार, मोबाइल व 26 हजार नकद जब्त और 9 जुआरी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

पुटपुरा जंगल से जुआ खेलते पुलिस ने 9 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। वहीं उनके कब्जे से नगदी, चारपहिया वाहन सहित बाइक और मोबाइल जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपी को जेल भेजा है।

पुलिस को समाधान सेल के माध्यम से शिकायत मिली कि पुटपुरा के जंगल में तासपत्ती खेली जा रही है, जहां सायबर और पुलिस ने रविवार को कसडोल थानांतर्गत ग्राम पुटपुरा जंगल में जुआ खेलते हुए 9 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी जुआरियों से नगदी रकम 26,210 एवं 52 पत्ती ताश, 2 चार पहिया वाहन, 5 मोटरसाइकिल एवं 8 मोबाइल जब्त किया गया। आरोपी जुआरियों के विरूद्ध थाना कसडोल में धारा 13 जुआ एक्ट, छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई। प्रकरण में आरोपियों एवं गवाह से पूछताछ तथा प्रकरण की



जांच में यह तथ्य सामने आया कि ग्राम पुटपुरा जंगल में जुआ अशोक जायसवाल एवं जगदीश बांधे द्वारा अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर खिलाया जा रहा था, हालांकि पुलिस द्वारा इस मामले में विवेचना जारी है।

इस प्रकरण में पुलिस ने छतराम साहू 50 वर्ष निवासी ग्राम अहिल्दा थाना लवन, पिलेश्वर साहू 36 वर्ष निवासी ग्राम अमेरा थाना पलारी, मिथलेश कटारे 34 वर्ष निवासी ग्राम सोनपुरी थाना सिटी कोतवाली, हेतराम साहू 36 वर्ष निवासी ग्राम अहिल्दा थाना लवन, अशोक जायसवाल 52 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 4 बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, जगदीश बांधे 34 वर्ष निवासी ग्राम रसौटा थाना पलारी, विनोद सोनवानी ▶▶ शेष पेज 09 पर

# प्राणघातक हमले का आरोप युवक गिरफ्तार, जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जान से मारने की नीयत से ईंट से प्राणघातक हमला कर गंभीर चोंट पहुंचाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने प्रेम प्रसंग की बात को लेकर अश्लील गाली गलौज कर घटना को अंजाम दिया।

प्रार्थी गनपत वर्मा निवासी ग्राम पौंसरी ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके भाई चोवाराम वर्मा को ग्राम गैतरा निवासी आरोपी




द्वारा प्रेम प्रसंग की बात को लेकर अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की नीयत से ईंट से प्राणघातक हमला कर गंभीर चोट पहुंचाया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 109(1), 296, 115(2), ▶▶ शेष पेज 09 पर

### दाल बेचने वाले से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** गांव में घूमकर दाल बेचने वाले व्यक्ति के साथ तीन अज्ञात लोगों ने मारपीट कर दी। पिथौरा पुलिस को मनहरण प्रजापति निवासी वार्ड क्रमांक 05 डीपोपारा लहरौद ने बताया कि वह गांव-गांव घूम कर दाल बेचता है। 29 जून को वह अपने वाहन से दाल बेचने ग्राम लक्ष्मीपुर की ओर जा रहा था, सुबह करीब 6 बजे बया रोड चंद्रपाल डडसेना कॉलेज राजासेवैय्या के पास एक मोटर सायकल में सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों ने आकर तुमको मोटर सायकल चलाना नहीं आता है, कहकर गाली गलौज कर मारपीट किया।

# चंदेरी हत्याकांड का फरार आरोपी ओडिशा से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

चंदेरी हत्याकांड के फरार आरोपी को पुलिस ने बलांगीर उड़ीसा से गिरफ्तार किया है। आरोपी मारपीट की घटना के बाद फरार हो गया था, उसके अन्य 12 साथी पिछले वर्ष ही गिरफ्तार हो चुके हैं, लेकिन पुलिस एक अन्य फरार आरोपी को पकड़ने लगतार प्रयासरत रही और साइबर सेल के माध्यम से आरोपी तक पहुंचने में सफलता मिली।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष 3 जून को सूचना मिली कि ग्राम चंदेरी में हुई गंभीर रुप से मारपीट की घटना में घायल नंद कुमार पात्रे 31 वर्ष की मृत्यु हो गई है तथा गोवर्धन पात्रे गंभीर रूप से घायल है। रिपोर्ट पर थाना सिमगा में अपराध कायम कर धारा 302, 307, 427, 294, 506, 323, 147, 149, 452, 458, 459, 460 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पूर्व में पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण में शामिल 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया था, किंतु प्रकरण में शामिल अन्य आरोपी अभी भी फरार था, जिनकी सरगर्मी से पता तलाश किया जा रहा थी।

सिमगा पुलिस ने प्रकरण में फरार आरोपियों का नए सिरे से पता तलाश प्रारंभ की, जिसके तहत परिस्थितिजन्य साक्ष्यों, आरोपी के रिश्तेदारों, जान पहचान वालों से विस्तृत पूछताछ करते हुए आरोपी के छिपने की हर संभावित ठिकाने पर लगातार एवं सतत निगाह रखी जा रही थी। इसी ▶▶ शेष पेज 09



#### आरोपी ने अपराध स्वीकारा

जिस पर सिमगा पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को संबंधित स्थान से हिरासत में लिया। आरोपी से पूछताछ पर उनके द्वारा प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों के साथ मिलकर ग्राम चंदेरी में गंभीर रूप से मारपीट करते हुए हत्या की घटना कारित करना स्वीकार किया गया। जिसे आज सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से लाभान्वित हो रहे ग्रामीण

# आदिवासी बहुल 46 गांवों में लगा विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में जिले के आदिवासी बाहुल्य 46 गांवों में विशेष शिविर का आयोजन 15 जून से किया जा रहा है। आदिवासी समाज के लोगों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित कर उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने का अत्यंत कारगर एवं अभिनव पहल साबित हुआ।

- 25 हजार जनजातीय परिवार लाभान्वित

शिविर ग्रामीणों एवं हितग्राहियों के लिए सौगातों भरा रहा है। 30 जून तक 2 गांव 9 योजनाओं से पूर्णतः संतृप्त हुए। वहीं विभिन्न योजनाओं के तहत 25109 जनजातीय परिवार के सदस्य लाभान्वित हुए। शिविर चयनित गांव में आगे भी जारी रहेगा।





जानकारी के अनुसार विशेष शिविर में विकासखंड सिमगा के ग्राम ढाबाडीह एवं बरडीह (बिटकुली) के शत-प्रतिशत आदिवासी परिवार के सदस्यों का आधार कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, राशन कार्ड, पीएम जनधन योजना, सिकल सेल जांच, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, पीएम सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड एवं मनरेगा जॉब कार्ड बनाए गए। दोनों गांव में आधार कार्ड 1031, राशन कार्ड 255, किसान क्रेडिट कार्ड 140, पीएम जनधन योजना 573, सीकल सेल टेस्टिंग 1031, जाति, निवास प्रमाण पत्र 981, पीएम सम्मान निधि 140, आयुष्मान कार्ड 1031 एवं मनरेगा जॉब कार्ड 255 बनाए गए। विशेष शिविर के दौरान 46 गांवों में जनजातीय परिवार के 15013 आधार ▶▶ शेष पेज 09 पर

# नपा में अवैध प्लाटिंग और निर्माण का विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

बहुजन आंदोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने कलेक्टर दीपक सोनी को ज्ञापन सौंपते हुए नगर पालिका सिमगा में हो रहे अवैध प्लाटिंग एवं अवैध कालोनी निर्माण पर रोक लगाने एवं इसकी उच्च स्त्रीय जांच कर वैधानिक कार्रवाई करने मांग की। प्रदेश अध्यक्ष अली ने बताया कि सिमगा नगर में भूमाफियाओं द्वारा धडल्ले से अवैध प्लाटिंग कर कालोनी निर्माण किया जा रहा है। स्थल निरीक्षन उपरांत पाया गया कि भूमि की खरीदी बिक्री का कार्य टुकड़ों में किया जा रहा है। जबकि नगरपालिका परिषद सिमगा द्वारा ▶▶ शेष पेज 09 पर

- बहुजन आंदोलन पार्टी ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

स्थापना वर्ष 2014
VIPS
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION | CAREER GUIDANCE | ADMISSION
COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य है।
मो.: 9340751120, 9131330801, 7869622725
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
योग्यता - 12वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB.TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB.TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Years
पता : राछाभाठा (नवागढ़) जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.), कोबिया सृजन ITI के पीछे, बेमेतरा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### हाईस्कूल में प्रवशोत्सव पर छात्रों को बांटी पुस्तकें



अर्जुनी। भाटापारा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत टोनाटार के धनंजय वर्मा शासकीय हाईस्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। पंचायत के जनप्रतिनिधियों नव प्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर प्रवेश दिलाया। विद्यालय में अध्यनरत सभी बच्चों को शासन द्वारा प्रदत्त पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में जनपद सदस्य शांति ध्रुव, ग्राम पंचायत के सरपंच विष्णु कोसले, विद्यालय के अध्यक्ष रोहित कुमार धीवर, उपसरपंच पिंकु कुलेश्वर वर्मा, पंच ओमेश कांत यादव, देवकुमार ध्रुव, दौलत कुंजाम, सचिव रामेश्वर लहरी एवं प्राचार्य शशिकांत डहरिया, शिक्षक युनेश्वरी ध्रुव, गणेश वर्मा, राजकुमार लहरे, सुनील कुमार ठाकुर एवं गांव की गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच विष्णु कोसले द्वारा बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया एवं विद्यालय में शिक्षा प्राप्त कर करके अपने हक अधिकार के लिए आगे आने की बात कही। कार्यक्रम में प्राचार्य शशिकांत डहरिया द्वारा समस्त जनप्रतिनिधियों को शाला में विशेष योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

### जेवर और नगदी रकम समेत 3.57 लाख की चोरी

**महासमुंद।** बस से ओडिशा जा रहे दंपत्ति के जेवर और नगदी रकम सहित कुल 3 लाख 57 हजार के सामान की चोरी अज्ञात व्यक्ति ने कर ली। पिथौरा पुलिस को प्रार्थी राजेश मोहंती वार्ड क्रमांक 15 आदर्श नगर बसना ने बताया कि 26 जून की दोपहर करीब 1.30 बजे बसना से शर्मा ट्रेवल्स की बस क्रमांक सीजी04ई4407 से वह और उसकी पत्नी सावित्री मोहंती, भतीजा आदि मोहंती, मामा पंकज मोहंती, मामी सरला मोहंती के साथ बस में बैठकर जयपुर ओडिशा जाने के लिए पिथौरा तक आए थे। इस दौरान उसकी पत्नी अपने साथ स्वयं का सोने के जेवरात, सोने की अंगूठी 6 नग, सोने की चेन 2 नग, सोने का हार 1 नग , सोने का चूड़ी 2 नग, सोने का ईयर रिंग 01 जोड़ी , नगदी रकम 7000 रुपए कुल 357000 रुपए को लेडिस पर्स के अंदर छोटे पर्स में रखी थी । पिथौरा बस स्टैंड में उतरकर उसकी पत्नी ने देखा कि पर्स की चेन खुली थी और छोटा पर्स उसमें नहीं था जिसमें रखे सोने के जेवरात एवं नगदी को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

ग्राम पर्व : गांवों में मेले जैसे रहा माहौल, बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे मंदिर और की पूजा

# प्रकृति और कुल देवी-देवताओं को समर्पित है माता पहुंचनी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

राज्य की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक पर्व माता पहुंचानी ग्राम पंचायत चंडी में बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। पर्व लोक आस्था में रची-बसी शीतला माता को समर्पित है, जिसे आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष में मनाया जाता है। इस दिन माता के मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ती है, जो अपने परिवार की सुख-शांति और स्वास्थ्य के लिए आशीर्वाद मांगते हैं।

पर्व पर चंडी के शीतला माता मंदिर में मेले जैसा माहौल देखने को मिला। श्रद्धालु बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचे। कुछ श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर माता की आराधना की। ग्रामवासी वीर सिंह वर्मा ने बताया कि यह पर्व प्रकृति और कुल देवी-देवताओं को समर्पित होता है। इसका सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह सामाजिक समरसता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देता है। पर्व का संबंध कृषि, धार्मिक आस्था और सामाजिक सौहार्द से भी जुड़ा हुआ है। यह फसल बोने के पूर्व मनाया जाने वाला छत्तीसगढ़ का पहला पारंपरिक पर्व है।

गांव के बैगा खोर बाहर राम ध्रुव द्वारा माता का विशेष श्रृंगार किया गया। वहीं, जस मंडलियों द्वारा मंदिर परिसर में भक्ति गीतों का गायन किया गया। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालु मंदिर में उपस्थित रहे और माता से अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की।



### परमेश्वर के जस गायन ने किया भावविभोर

जस गायन के दौरान परमेश्वर वर्मा द्वारा पारंपरिक छत्तीसगढ़ी जस गीत की झन जाए बेटा कंवरू नगर के बंगला तोला... का भावपूर्ण गायन किया गया। जस गीत प्रस्तुत करने वाली मंडलियों में जय मां सद बहानिया सेवा समिति का प्रमुख योगदान रहा। कार्यक्रम में विजय वर्मा, महाराज मुकेश वर्मा, नीलू वर्मा और दिलीप यदु भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर रामखेलावन वर्मा, दुलेश्वर वर्मा, दयाराम साहू, झाड़ूराम यादव, दूलूराम वर्मा और दिलीप यादव सहित अन्य ग्रामीणजन सक्रिय रूप से शामिल रहे।

## रिसदा में परंपरागत तरीके से मनाया माता पहुंचनी का पर्व

■ लोगों ने की माता से परिवार सहित क्षेत्र की समृद्धि की कामना

**रिसदा।** जिला मुख्यालय से महज 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत रिसदा में सोमवार को माता पहुंचनी का पर्व परंपरागत ढंग से मनाया गया। सुबह से महामाया माता मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। देर रात तक मंदिर में पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा। पर्व में गांव के लोग भारी संख्या में मंदिर प्रांगण में जुटते रहे। संध्या मांदर की थाप के साथ सेवारूपी जस गीत का आयोजन किया गया।

मां महामाया को नीम की पत्ती, हल्दी, तेल आदि से स्नान कराकर पूजा अर्चना की गई तथा भोग प्रसाद चढ़ाया गया। लोगों ने माता महामाया से अपने परिवार सहित क्षेत्र की समृद्धि के लिए कामना की। वर्षों से चली आ रही परंपरानुसार मंदिर में श्रद्धालुओं पर मैय्या को अर्पण हल्दी पानी के घोल, नीम की पत्ती का छिड़काव किया गया। प्रसाद के रूप में लोग इसे अपने घर भी ले गए। जिसे माता के प्रकोप से पीड़ित रहे बच्चों के साथ परिवार के सभी सदस्यों पर छिड़काव किया जाएगा। माना जाता है कि नीम के प्रभाव से रोग व कष्टों का निवारण होता है। बैगाओं के अनुसार बरसात लगते ही चेचक निकलने की शिकायत होने लगती है। इससे बचने के लिए ही हर वर्ष माता के मंदिर में पूजा अर्चना कर उससे बचने का आशीर्वाद मांगते हैं।



माता महामाया के मंदिर में महिला और बच्चे थाली में हल्दी तेल, नीम की पत्तियां, चना दाल, नारियल के साथ ही दीप सजाकर एवं दाल-चावल रखकर पहुंचे। वहीं मंदिर में चढ़ा हुआ प्रसाद के साथ हल्दी पानी घर लाकर लोगों ने अपने परिवारजनों में छिड़काव किया। मान्यता है कि इस पानी से शरीर ठंडा और स्वस्थ हो जाता है।

मंदिर में घर से चढ़ावे की थाली ले जाकर वापस आशीर्वाद रूपी हल्दी पानी लाना माता के पास स्वयं उपस्थिति देना माता पहुंचानी कहा गया है। इस दौरान ग्राम के सरपंच गणेश राम साहू ने मां महामाया की पूजा अर्चना कर ग्राम रिसदा के लिए सुख समृद्धि का प्रार्थना किया। पवन वर्मा उपसरपंच, हेमंत वर्मा पंच, बसावन साहू पंच, गंगेश सोनवानी, पूर्व जिला पंचायत सभापति डा कुशल राम वर्मा, उमाशंकर साहू, भैयाराम साहू, लक्ष्मीनारायण साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## शीतला मंदिर में पूजा-अर्चना करने उमड़े श्रद्धालु

**खरोरा।** ग्राम नहरडीह में सोमवार को शीतला महामाया मंदिर में माता पहुंचानी पर्व पर पूजा अर्चना के लिए महिलाओं का भीड़ लगी रही। सुबह से ही भक्त तैयारी में लग गये थे। मंदिर परिषद में मेले का आकर्षक माहौल रहा। प्रतिवर्ष माता पहुंचानी का पर्व आषाढ़ शुक्ल पक्ष के पावन अवसर पर मनाया जाता है। ग्राम के सभी भक्तों ने मंदिर में माथा टेक कर व पूजा अर्चना कर ग्राम की समृद्धि की कामना की। दोपहर तीन बजे से ठंडई का छिड़काव किया गया। वर्षों पुरानी परंपरा है कि माता पहुंचानी के दिन भक्त मंदिर पहुंचकर छोटी माता, गलवा माता और बड़ी माता जैसे संक्रमित रोगों से निजात पाने के साथ ही परिवारिक सुख शांति के लिए मनोकामना मांगी।

बच्चों को गर्मी के प्रकोप से होने वाली बीमारियों से बचाने और माता जैसे संक्रमण के मुक्ति के लिए दूध, नीबू, हल्दी और नीम के पत्ते का ठंडाई भक्तों पर छिड़काव किया। इसे फसलों पर छिड़कने से माता की कृपा से फसलों में घातक कीट व्याधियों का प्रकोप कम हो जाता है। यहां महिलाओं द्वारा श्रृंगार के साथ चावल, चना दाल, हल्दी, मिर्ची, फूल, नारियल आदि चढ़ाया गया। यंहा भक्त सच्चे मन से अपनी मनोकामना लेकर आते हैं। उनकी सारी मनोकामनाएं आदि शक्ति मां शीतला पूरी करती हैं। इस दौरान भक्तों को प्रसाद वितरण किया। दोपहर तीन बजे से शाम 6 बजे तक ग्राम के मंडलियों ने जसगीत, सेवागीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गाव के बइगा अरविंद ध्रुव, महामाया सेवा समिति, ग्राम प्रमुख व ग्रामवासी का अहम योगदान रहा।




# हरदी में 100 साल से चली आ रही परंपरा का निर्वाहन, धूमधाम से निकाली रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसींवां

ग्राम हरदी में विगत आषाढ़ शुक्ल पक्ष दुतिया तिथि को रथ यात्रा का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। करीब सौ वर्षों से चली आ रही रथयात्रा पारंपरिक एवं धार्मिक रूप से निकाली गई। भगवान जगन्नाथ, भ्राता बलभद्र, बहन सुभद्रा एवं भगवान दधीवामन की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर रथ में आरुढ़ होकर रथ यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा को देखने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचे।

ग्रामीण बताते हैं कि यह हरदी गांव जब से बसा है तब से रथयात्रा की परंपरा चली आ रही है। करीब 100 सालों से रथयात्रा को ग्रामीण हर्षोल्लास के साथ मनाते आ रहे हैं। इस दिन गांव में मेले का आयोजन होता है। मान्यता है कि द्वितीय रथयात्रा में नवजात शिशुओं को भगवान जगन्नाथ का दर्शन कराने की की परंपरा रही है।



आसपास की बहू बेटियां अपनी शिशु के साथ सजधज कर रथयात्रा में पहुँच कर नवजात शिशु को भगवान जगन्नाथदर्शन कराकर आशीर्वाद ग्रहण किया। रथ यात्रा में अंचल के लोग पूरे श्रद्धा से शामिल होकर गजामूंग का प्रसाद ग्रहण किये। यह रथ यात्रा सामाजिक एवं धार्मिक समरसता का एक उदाहरण है। रथयात्रा को सफल बनाने में गांव के गौटिया युगल किशोर प्रधान एवं उनके परिवार जनों के साथ-साथ ग्रामवासियों का बड़ा योगदान रहा।

# प्रवेशोत्सव पर प्रतिभावान छात्र हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रवान

हाई स्कूल रवान में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस मौके पर अक्षय भारती, जनपद सदस्य शीतल वर्मा, उप सरपंच रोहित वर्मा, शाला विकास समिति अध्यक्ष खेलन वर्मा, रमेश मारकंडे, रवि शंकर वर्मा, नरेश वर्मा ग्राम पटेल एवं पंच प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत रवान के सचिव प्रहलाद श्रीवास, अंबुजा फाउंडेशन के मंजूशा जोशी उपस्थित थे। कक्षा नवमी के नव प्रवेशी बच्चों को पुस्तक प्रदान कर व तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले छात्राओं को जिसमें तनु डहरिया 89.33 प्रतिशत, चांदनी वर्मा 88.83, विद्या वर्मा 86.16 प्रतिशत इन तीनों छात्राओं को ग्राम पंचायत रवान के सचिव प्रहलाद श्रीनिवास द्वारा नगद एक एक हजार देकर सम्मानित किया। इस बीच में देवेंद्र ध्रुव खैरतल द्वारा कक्षा नवमीं, दसवीं के छात्र-छात्राओं को पानी बोतल देकर स्वागत किया। देवेंद्र ध्रुव खैरताल वाले के इस सहयोग के लिए उन्हें भी हाई स्कूल संस्था की ओर से घड़ी देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी कक्षा नवमीं से लक्ष्य निर्धारित कर उसके लिए विषय का चयन कर लें, इसके लिए सभी विषयों के समय नियोजित करना जरूरी है, तभी सफलता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्राचार्य सारिका तिवारी ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में केके वर्मा व्याख्याता , घनश्याम देवांगन, शिक्षक रतनलाल साहू, योगेश्वरी मैडम, भानुमति मारकंडे, हरिशंकर पांडे पंच,पंच उमेश्वरी देवांगन, पंच प्रतिनिधि तोमेश वर्मा, सहदेव वर्मा, सदस्य शाला समिति रवान, अंबुजा फाउंडेशन के कर्मचारी देवकरण, उमाशंकर सेन एवं छात्र-छात्राएं विशेष साहू, पालकगण सहित बड़ी संख्या में लोग भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में जन प्रतिनिधि एवं पालकों ने शासन एवं संबंधित विभाग के उच्च अधिकारी से अगले सत्र में हाई स्कूल रवान को उन्नयन कक्षा 12वीं तक बढ़ाई जाने की मांग की।





### प्राथमिक स्कूल में हुई शाला प्रबंधन समिति की बैठक

**गोपालपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला हरदी संकुल रोहिना से शाला प्रबंधन समिति की मासिक बैठक हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। समिति का पुनर्गठन किया गया, जिसमें नव निर्वाचित उपसरपंच ईश्वर प्रसाद लहरे, कोषाध्यक्ष मनीष कुमार साहू, सदस्य लच्छ राम लहरे, बालकुमार खूंटे, सुख बाई, लता खूंटे, लक्ष्मीन बाई खूंटे को समिति में शामिल किए गए। शाला प्रवेश उत्सव, प्रधान मंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना, शाला की साफ सफाई, रंग रोगन, नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने आदि मुद्दों पर चर्चा हुई। ग्राम पंचायत जुनवानी के सरपंच हुलेश टंडन ने एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किया। रामदुलार निराला प्रधान पाठक ने बच्चों के सर्वांगीण विकास और नियमित उपस्थिति के लिए पालकों से अपील की। शासकीय प्राथमिक शाला हरदी के बच्चों के साथ साथ उनके माताओं ने भी पौधारोपण में सहयोग दिया। कार्यक्रम में निर्मला, जया खूंटे, सुख बाई, भागमती, लक्ष्मीन बाई खूंटे, चंद्रिका खूंटे, भगत राम लहरे अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, रामदयाल, गोविन्द, मनीष कुमार साहू, मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।



### प्राथमिक शाला में मना शाला प्रवेश उत्सव

**पलारी।** नगर पंचायत पलारी के वार्ड 12 स्थित प्राथमिक शाला बालसमुंद पारा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, पार्षद राधा भोला वर्मा, पार्षद नारायण धीवर के आतिथ्य में संपन्न हुआ। अतिथियों ने सभी नव प्रवेशी छात्र छात्राओं का तिलक लगा कर मिठाई खिला कर स्वागत किया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोपी साहू ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव में शामिल बच्चे उत्साहित है अब उन्हें पढ़ने के लिए नियमित स्कूल आना है। बच्चे अच्छा शिक्षा ग्रहण कर आत्मनिर्भर व जागरूक नागरिक बने। शिक्षा ही समृद्ध समाज की नींव होती है। नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा ने शिक्षा के महत्व और भविष्य के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज की सच्ची ताकत है और विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। उक्त अवसर पर प्रधान पाठक विजय लक्ष्मी वर्मा, शिक्षक सोखिया लकड़ा, संतोष गेंड्रे, नागेश ध्रुव, देवेंद्र ध्रुव सहित पालकगण व बच्चे उपस्थित थे।

पेज 09 के शेष

### मुआवजे की मांग ...

भरा जाना आवश्यक था। पिछले महीने एसडीएम सिमगा द्वारा आदेश किया गया था, रोड की रिपेयरिंग कंपनी द्वारा की जाएगी, क्योंकि ज्यादातर यूज कंपनी करता है, जब कंपनी के कर्मचारी रोड रिपेयरिंग के लिए उपस्थित हुए, तो स्थानीय निवासी 2 या 3 परिवार उचित मुआवजा न मिलने से रोड निर्माण नहीं होने देंगे बोले विवाद करने लगे। विवाद शांत करने यहां उपस्थित हुए। समझाइश दी गई है रोड का मरम्मत कार्य चालू कर दिया है।

ग्रामीण रमा बाई ने बताया यह जमीन हमारे नाम पर है जबरदस्ती अल्ट्राटेक कंपनी रोड बनाया है इसका ऑब्जेक्शन करते हैं, जो हमारी मांग है 3 दिन में पूरा करेंगे बोले लेकिन अभी तक से कोई जवाब नहीं दिए हैं, इसलिए रोड बनने नहीं देंगे। शासन प्रशासन से अनुरोध है मुआवजा दिलाया जाए। पुलिस वाले गाड़ी में बिठा लिए थे, बाद में छोड़े, जिसकी जमीन है उन्हीं को अंदर करेंगे तो आम जनता के लिए शासन प्रशासन का कोई महत्व नहीं है। जमीन वाले को ही उठाकर ले जायेंगे तो न्याय किसको दिला रहें हैं प्लांट को दिला रहे हैं या किसान को? जनहित के लिए रोड है तो जनहित में चले प्लांट का हैवी गाड़ी नहीं चलने देंगे बिल्कुल चलने नहीं देंगे भारी वाहन से बच्चों को परेशानी होती है लोगों को आने जाने में दिक्कत होती है।ग्रामीण संदीप वर्मा ने बताया अल्ट्राटेक वाले बुलाते है खाली मीटिंग करते है और कुछ नहीं करते, काम मांगने पर काम भी नहीं देते।

### कार, मोबाइल व ...

37 वर्ष निवासी ग्राम अमेरा थाना पलारी, विनीत धृतलहरे 21 वर्ष निवासी ग्राम अमेरा थाना पलारी, पिंटू कसेर निवासी बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली को गिरफ्तार किया है।

### प्राणाघातक हमले का ...

351(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। सिटी कोतवाली पुलिस ने जांच और विवेचना कार्रवाई करते हुए 21 वर्षीय आरोपी अर्जुन यादव को हिरासत में लिया, जिससे पूछताछ करने पर उसके द्वारा प्रेम प्रसंग की बात को लेकर प्रार्थी के भाई पर ईंट से प्राणघातक हमला कर उसे गंभीर चोंट पहुंचाना स्वीकार किया। प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया है।

### चंदेरी हत्याकांड का...

बीच साइबर सेल के माध्यम से प्राप्त टेक्निकल रिपोर्ट में प्रकरण में फरार आरोपी सैयद असद 32 वर्ष निवासी वार्ड 16 कबीर वार्ड मुंगेली थाना जिला मुंगेली के खडालपारा जिला बलांगीर उड़ीसा में होने का पता चला।

### आदिवासी बहुल 46...

कार्ड, 13685 आयुष्मान कार्ड 9489 राशन कार्ड, 9609 मनरेगा जॉब कार्ड 2006 किसान क्रेडिट कार्ड, 8259 पीएम जनधन, 1810 पीएम सम्मान निधि, 7930 लोगों का सिकल सेल जांच एवं 3154 जाति व निवास प्रमाण पत्र बनाए गए।

### नपा में अवैध...

भवन निर्माण की अनुग्या ही जारी नहीं की गई है। साथ ही मुलभुत सुविधा जैसे सड़क, नाली, बिजली की सुविधा भी नहीं दी गई है। जिसकी जानकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को दी जा चुकी है, जिसके अनुरूप 10 लोगों को पंजीयन के लिए नोटिस दिया जा चुका है। लेकिन राजस्व विभाग सिमगा, नगरपालिका परिषद सिमगा एवं उप संचालक कार्यालय नगर निवेश बलौदाबाजार द्वारा अवैध कॉलोनियों पर अब तक कार्रवाई ना करना अवैध कालोनाइजर को बढ़ावा देना प्रतित हो रहा है। उक्त मामले की शिकायत मुख्यमंत्री, उपसंचालक नगर निवेश बलौदाबाजार, एसडीएम सिमगा, तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिमगा से लगभग दो माह पूर्व में की गई थी लेकिन आज पर्यन्त तक किसी भी प्रकार की कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। अली ने क्लेक्टर से जांच की मांग करते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही मामले की उच्च स्तरीय जांच कर वैधानिक कार्रवाई नहीं की गई तो, बहुजन आंदोलन पार्टी उग्र आंदोलन करने को विवश होगी। उन्होंने पूर्व में की गई शिकायत की छाया प्रति भी क्लेक्टर को सौंपी है। उक्त मामले पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर सोनी ने मामले की जांच का आश्वासन दिया।



# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

एक डॉक्टर को कभी भी आपकी जाति या धर्म से मतलब नहीं होता उसके लिए सभी एक समान होते हैं











## डॉ. रॉय को यादगार के रूप में मनाते है डॉक्टर्स-डे

राष्ट्रीय चिकित्सीय दिवस के रुप में हर वर्ष 1 जुलाई को पहचान और मनाये जाने के लिये 1991 में भारतीय सरकार द्वारा डॉक्टर दिवस की स्थापना हुई थी। भारत के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ बिधान चन्द्र रॉय (डॉ.बी.सी.रॉय) को श्रद्धांजलि और सम्मान देने के लिये 1 जुलाई को उनकी जयंती और पुण्यतिथि पर इसे मनाया जाता है। 4 फरवरी 1961 में उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा गया। उनका जन्म 1 जुलाई 1882 को बिहार के पटना में हुआ था। रॉय साहब ने अपनी डॉक्टरी की डिग्री कलकत्ता से पूरी की और 1911 में भारत लौटने के बाद अपनी एमआरसीपी और एफआरसीएस की डिग्री लंदन से पूरी की और उसी वर्ष से भारत में एक चिकित्सक के रुप में अपने चिकित्सा जीवन की शुरुआत की। बाद में उन्होंने कलकत्ता मेडिकल कॉलेज से एक शिक्षक के रुप में जुड़ गये और इसके बाद वो कैंपबेल मेडिकल स्कूल गये और उसके बाद कारमाईकल मेडिकल कॉलेज से जुड़ गये। वो एक प्रसिद्ध चिकित्सक थे और नामी शिक्षाविद् होने के साथ ही एक स्वतंत्रता सेनानी के रुप में सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी से जुड़े। बाद में वो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता बने और उसके बाद पश्चिम बंगाल के मुख्य मंत्री बने। इस दुनिया में अपनी महान सेवा देने के बाद 80 वर्ष की आयु में 1962 में अपने जन्मदिवस के दिन ही उनकी मृत्यु हो गयी। उनको सम्मान और श्रद्धांजलि देने के लिये वर्ष 1976 में उनके नाम पर डॉ.बी.सी. रॉय राष्ट्रीय पुरस्कार की शुरूआत हुई।












संकलनकर्ता: दलजीत सिंह चावला, ब्यूरो चीफ, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, समाचार (प्रतियां), समाचार, विज्ञापन हेतु संपर्क करे...मो.: 9926204007

# पुलिस बल के लिए लगा स्वास्थ्य शिविर, 80 अधिकारी-कर्मचारियों ने कराया उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पुलिस कम्युनिटी हॉल में जिला पुलिस बल एवं पुलिस परिवार के सदस्यों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर मेडिकल कैम्प का आयोजन सोमवार को किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कहा पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने कार्य अवधि में अपनी सेहत का ध्यान नहीं रख पाने के कारण स्वास्थ्य का स्तर ज्यादा खराब न हो इस कारण पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा परिजनों का एक निश्चित समयावधि में चिकित्सकीय परीक्षण कराये जाने इस शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों को अधिक से अधिक स्वास्थ्य लाभ के लिए

## पुलिस कर्मचारियों एवं परिजनों के लिए समय-समय पर चिकित्सकीय परीक्षण अनिवार्य





### निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान की गई

इस दौरान स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डॉ. एलएस ध्रुव आयुर्वेद अधिकारी, डॉ. संदीप कुमार राम होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी, डॉ. नेकदत्त आयुष चिकित्सक एवं जिला चिकित्सालय हुए डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर अपना-अपना परामर्श दिया गया। परीक्षण उपरांत कार्यक्रम में सभी पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों को निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान की गई।

अपील कर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में उपस्थित डॉक्टरों का आभार ज्ञापित किया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस की नौकरी में टाइमिंग नहीं रहती, इस कारण कोई कार्य का रूटीन फिक्स नहीं हो पाता। इस कारण पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों में समय-समय पर स्वास्थ्य की समस्या बनी रहती है, जिसे दूर करने के लिए यह कोशिश की जा रही है। शिविर के माध्यम से कोशिश की जा रही है कि यदि कोई शारीरिक समस्या है तो उसे पहचाने और समय पर उसका उपचार कराएं। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 80 पुलिस अधिकारी कर्मचारियों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। शिविर कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक यातायात अमृत कुजूर, निधि नाग एसडीओपी बलौदाबाजार, अपूर्वा क्षत्रिय उप पुलिस अधीक्षक अजाक द्वारा भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।

## खबर संक्षेप



### खाद के लिए किसानों ने किया आंदोलन, सौंपा ज्ञापन

मुंडा। जिला सहकारी समिति बरदा के अंतर्गत बरदा जुड़ा, पैजनी, चिचिरदा, कसियारा पंचायत के कुल 1200 कृषक इसी समिति से लेनदेन करते हैं। जिला सहकारी समिति से आश्रित है। शुरुआत में दो दिन खाद वितरण होने के बाद अभी तक इस समिति में खाद वितरण नहीं किया गया है ना ही मंगाया जा रहा है। कृषकों के पास अभी तक खाद नहीं खरीदा गया है जो कि धान की फसल बियासी योग्य हो जाने से आए दिन कृषकों को चिंता सताने लगी हैं। इस समय यदि शासन द्वारा किसी प्रकार का कदम नहीं उठाए जाने पर कृषकों को खाद की व्यवस्था नहीं हो पाने पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर सभी कार्यकर्ताओं ने कार्यालय में पहुंचकर समिति प्रबंधक बिसौहा राम वर्मा को विज्ञापन सौंपा। इस मौके पर टीकाराम साहू, रामकृष्ण वर्मा, प्रभु दयाल वर्मा, काशीराम यदू, फूलचंद वर्मा, फागूराम राम भारद्वाज, लखन वर्मा, कोमल प्रसाद वर्मा, चिंताराम बंजारे, अनिल खूंटे, तिलक राम वर्मा, दुखीतराम यादव, दुर्वासा प्रसाद वर्मा, दीपक वर्मा, मोहरचद, सोनबरसा, भीम बंजारे, सूरज, शालिकराम वर्मा, हीरालाल पटेल, दिलीप पटेल, खोलू पटेल, ओमप्रकाश, प्रभुवा, रामलाल पैकरा, सहित आसपास गांव के लोग सम्मिलित रहे।

### युवक से चार लोगों ने की मारपीट

महासमुंद। नगर के मौहारीभांठा में एक युवक के साथ चार लोगों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट सिटी कोतवाली में दर्ज कराई गई है। पुलिस को प्रेम पटेल वार्ड नंबर 28 मौहारीभाठा ने बताया कि 29 जून की दोपहर 1:30 बजे 2 बजे के बीच वह घर के सामने में था, उसी समय कृष्णकांत, निखिल साव, बंटी चौहान, डोमेन चारों लड़के गाली गलौज कर वहां आए। जो हाथ में चाकू, डंडा रखे थे। इसके बाद उक्त लोगों ने मारपीट करना शुरू ककर दी। जब उसकी मां मेनका पटेल आई तो कृष्णकांत और बंटी चौहान ने हाथ को पकडकर खींचने लगे और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। जब मोहल्ले के लोग वहां आए तो आरोपी मारपीट करके व जान से मारने की धमकी देकर चले गये।

### जमीन विवाद को लेकर फावड़े से जानलेवा हमला

महासमुंद। जिले में जमीन विवाद को लेकर दो लोगो में खुनी संघर्ष का मामला सामने आया है। यह घटना पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंघनपुर में ज़मीन विवाद को लेकर एक पर फावड़े से जानलेवा हमला किए जाने का जाने का है। पीड़ित की पहचान उदय राम निषाद के रूप में हुई है, जिसे हमले में गंभीर चोटें आई हैं और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, हमलावर का नाम ठाकुर राम निषाद बताया जा रहा है, जो कि जमीन संबंधी विवाद को लेकर पीड़ित से लंबे समय से रंजिश रखता था। सोमवार की सुबह अचानक दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि ठाकुर राम ने आवेश में आकर फावड़े से उदय राम पर वार कर दिया। घटना के बाद उदय राम को तुरंत स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मामले की सूचना पर पटेवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

### बैगा ने औषधीय जड़ी-बूटियों का छिड़काव कर लोगों की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की

# माता पहुंचनी पर्व पर गूंजा सेवा गीत, शीतला मंदिर में की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ग्राम घोटिया में सोमवार को पारंपरिक आस्था और भक्ति के साथ माता पहुंचनी पर्व मनाया गया। इस अवसर पर गांव में धार्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा। ग्रामीणों ने सेवा गीतों का गायन करते हुए पूरे गांव में माता का भ्रमण किया और फिर शीतला माता मंदिर पहुंचकर सामूहिक पूजा-अर्चना की।

पूरे दिन मंदिर परिसर माता के जयकारों से गूंजता रहा। श्रद्धालु महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने मंदिर प्रांगण में विधिवत पूजन कर गांव की सुख-समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान परंपरागत रूप से बैगा द्वारा औषधीय जड़ी-बूटियों का छिड़काव कर लोगों को शांति प्रदान की गई। ग्रामीणों का मानना है कि इस छिड़काव से नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होती है और मानसिक शांति मिलती है। पर्व के अवसर पर सामाजिक एकता और भाईचारे की अद्भुत झलक देखने को मिली। ग्रामवासियों ने आपसी सहयोग और स्नेह के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से चंद्रिका मिश्रा, मनोहर दरोगा, रघुनंदन वर्मा, भगवती वर्मा, पोषण वर्मा, योगेश रात्रि, रिखीराम सोनी, पतीराम वर्मा, चंद्रिका कोतवाल, मिथिलेश, लालू फेकर, दुर्गेश फेकर, डोगेंद्र मिश्रा सहित अन्य ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही।

ग्रामीणों ने माता पहुंचनी पर्व को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाकर अपनी परंपराओं को जीवंत रखा। ऐसे आयोजनों से गांव में सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूती मिलती है।





### परिवार की सुख-शांति के लिए ग्रामीणों ने की मां शीतला की पूजा-अर्चना

भरूवाडीह/सैहा/गुमा। जिला मुख्यालय से दक्षिण अंचल के गांवों में सोमवार को मां शीतला माता के सभी मंदिरों घर परिवार, गऊमाता और गांव में सुख शांति और खुशहाली के लिए माता पहुंचनी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने मां शीतला मंदिर में पूजरा-आरधना कर दाल, चावल, अन्न, चढ़ाये। इसके बाद मंदिर के बैगा, पुजारी ने नीम की पत्तियों से जल को सभी भक्तों पर छिड़काव किए और शक्ति पीठ मां महामाया मंदिर में धुप अगरबत्ती और फुल, श्रीफल अर्पित कर मवेशियों पशुओं के लिए, सुख-समृद्धि, स्वस्थ की कामना की। जस गीत समितियों द्वारा माता रानी के दरबार में पारम्परिक वाद्य यंत्र, झांझ, मंजीरा और मांदर की धुन में माता के जस गीत देर शाम तक चलते रहे। जहां प्रातः काल गांव के प्रमुख कार्यकर्ताओं एवं ग्राम के वरिष्ठजनों की टोलियां वर्षभर सुख-शांति के लिए शरहद पर पूजा पाठ किए।



### केशला में माता पहुंचनी पर्व श्रद्धा और भक्ति से मना

खरोरा। ग्राम केशला में माता पहुंचनी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम ग्राम की महामाया समिति द्वारा मां शीतला माता एवं महामाया मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया,



जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। भोर से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिर परिसर में देखी गईं। भक्तजन पूजा थालियों में पूजन सामग्री जैसे चना दाल, हल्दी, नीम की पत्तियां, दीपक, अगरबत्ती और ठंडाई लेकर माता के दरबार में पहुंचे। भक्तों ने विधिवत दर्शन-पूजन कर मां से गांव की सुख-समृद्धि एवं महामारी से रक्षा की कामना की। गौरतलब है कि माता पहुंचनी का आयोजन आषाढ़ माह में किया जाता है, जिसका धार्मिक और लोकमान्यताओं में विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन मां शीतला की पूजा करने से गांव को चेचक जैसी महामारी से रक्षा मिलती है। इसी परंपरा के तहत मंदिर परिसर में माता के सेवक बैगा द्वारा श्रद्धालुओं पर ठंडा जल छिड़क कर आशीर्वाद दिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा। आयोजन के दौरान गांव के बुजुर्ग, महिलाएं, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## समाधान शिविर में ग्रामीणों को जागरूक कर रही पुलिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने पुलिस जगह-जगह समाधान शिविर लगा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को बरपाली के पंचायत भवन में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस ने लोगों को सायबर ठगी एवं सभी प्रकार के ठगी बचने और यातायात संबंधी जानकारी दी। साथ ही नशा कर गाड़ी नहीं चलाने, हेलमेट और सीटबेल्ट का हमेशा उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। सभी जानकारी एवं ठगी से बचने की उपाय को सहायक उपनिरीक्षक मानिक बंजारे एवं तिलक सिंह ठाकुर द्वारा दी गई। इस मौके पर पुलिस टीम में आरक्षक सुजीत तंबोली, पीताम्बर पठारे, राजू लकड़ा, उर्मिला ऐक्का एवं बरपाली के ग्रामवासी मौजूद रहे।

## सेल्समेन की अनोखी पहलः सुबह से शाम तक बांट रहे हैं चावल



मुंडा। ग्राम पंचायत पैजनी के शासकीय उचित मूल्य की दुकान में आए दिन सर्वर डाउन होने के चलते सेल्समैन कमलेश वर्मा द्वारा राशन कार्डधारियों को परेशानी ना हो इसे ध्यान में रखते हुए लगातार इस माह सुबह 6 से शाम 6 बजे तक दुकान खोल रहे हैं। इस कारण आज माह का अंतिम दिवस तक 80 प्रतिशत तक हितग्राहियों को राशन उपलब्ध कराया गया। 30 तारीख को माह का अंतिम दिवस होने के चलते इन सबको राशन, नमक, शक्कर हितग्राही को शेर सिंह, बुधारू निषाद, गोकुल यादव, रामखेलावन यादव, दीलू वर्मा, चंद्रकली, सूरीवाल भारद्वाज, रामवती, जानकी, अनीता, गुझेश्वरी को राशन दिया गया।

## आत्मानंद स्कूल में मना प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन तथा अध्यक्षता भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नरेश केसरवानी ने की। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीलम सोनी, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, भाजपा शहर महामंत्री संजय श्रीवास, पार्षद मनोज कांत पुरैना, ताराचंद कनौजे, योगेश अग्रवाल, गुरु दत्त तिवारी तथा प्राचार्य ऋतु शुक्ला उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अतिथियों ने बच्चों को तिलक कर मिठाई खिलाई और प्रवेश कराया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने



कहा कि समर वेकेशन खत्म होने के बाद स्कूल खुल गए हैं। पहले ही दिन से प्रदेश के सभी स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश केसरवानी ने भी बच्चों को प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि हर बच्चे तक गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा पहुंचे या हम सभी की जिम्मेदारी है। विशिष्ट अतिथि नीलम सोनी, संजय श्रीवास ने भी बच्चों से सवाल किये, जिसका बच्चों ने बढ़-चढ़कर जवाब दिया। मंच संचालन खुशबू चंद्राकर और रानू सिंह ने किया। इस मौके पर रजनी लहरे, गुंजन ऐश्वर्या शर्मा, रश्मि, दीपा, पुष्पा, रिंपी, अर्चना, अंजलि तिवारी, चेतना, श्वेता, रवि, शोभित, विकास, ओमी एवं शाला परिवार उपस्थित रहा।

## सेवानिवृत निरीक्षक रघुवीर सिंह और सहायक उप निरीक्षक तीरथ को पुलिस विभाग ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पुलिस कार्यालय में सेवानिवृत्त निरीक्षक रघुवीर ठाकुर एवं सहायक उप निरीक्षक तिरथ नवरंग को विदाई देने कार्यक्रम आयोजित किया गया

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा सेवानिवृत्त निरीक्षक रघुवीर सिंह ठाकुर एवं सहायक उप निरीक्षक तिरथ नवरंग के उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उनका विभाग के प्रति किए गए उल्लेखनीय कार्यों की प्रशंसा की तथा उन्हें शाल एवं श्रीफल से सम्मानित कर पुलिस विभाग की ओर से स्मृति चिन्ह तथा उपहार भेंट किया गया। विदाई कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस



अधीक्षक, निरीक्षक सहदेव नेताम, उप निरीक्षक(एम) पवन बंदे, सउनि (एम) मनीष चौबे, सुषमा कौशिक, अश्वनी विशाल सहित पुलिस कार्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

विदित हो कि रघुवीर सिंह ठाकुर पुलिस विभाग में 16 जून 1981 में आरक्षक के पद पर भर्ती हुए थे। तत्पश्चात 16 फरवरी 2017 को निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए हैं। पूर्व में वे जिला सूरजपुर के कई थानों में पदस्थ रहे हैं तथा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में थाना अजाक, कसडोल, राजादेवरी तथा अभी वर्तमान में रक्षित केन्द्र बलौदाबाजार में पदस्थ होकर कार्यरत थे। इसी तरह तिरथ नवरंग पुलिस विभाग में 15 अप्रैल 1985 को आरक्षक के पद पर भर्ती हुए। तत्पश्चात 31 दिसम्बर 2021 को सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए। पूर्व में वे जिला रायपुर के कई थानों में पदस्थ रहे हैं। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में थाना सुहेला, गिधपुरी तथा अभी वर्तमान में रक्षित केंद्र बलौदाबाजार में पदस्थ होकर कार्यरत थे।

### कोरोना काल के दौरान सामग्री नहीं मिलने से ठप हो गया था कारोबार

# अरुण की पहल से फिर गुलजार हुआ देवांगन समाज का रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

परंपरागत साड़ी बुनाई में माहिर देवांगन समाज के हुनरमंद बुनकरों के लिए लॉकडाउन एक कड़वा अनुभव साबित हुआ। अपनी शानदार कारीगरी और पारंपरिक डिजाइन से देश ही नहीं, विदेशों तक में प्रसिद्ध इन बुनकरों का रोजगार कच्चे माल की अनुपलब्धता के कारण लगभग ठप हो गया था। पहले कुछ समय तक उन्होंने अपनी जमा पूंजी से काम चलाया, लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया, उन्हें घर चलाने के लिए कर्ज का सहारा लेना पड़ा।

इसी संकट के दौर में टुण्डरा गांव के चंद्रलाल देवांगन और अन्य बुनकरों को जानकारी मिली कि ग्राम सरिया (पंचधार) में अरुण मेहर नामक एक सजग सामाजिक



कार्यकर्ता बुनकरों को बाधी साड़ी (संबलपुरी साड़ी) बनाने का काम दे रहे हैं। उन्होंने हिम्मत जुटाई और उनसे संपर्क किया। कच्चे माल की कमी वहां भी थी, लेकिन अरुण मेहर ने हौसला नहीं छोड़ा और उन्हें अपने नेटवर्क में जोड़कर काम देना शुरू किया।

शुरुआत में काम थोड़ा कठिन जरूर लगा, लेकिन जैसे-जैसे देवांगन बुनकरों ने डिजाइन और तकनीक सीखी, काम आसान होता चला गया। सबसे पहले चंद्रप्रकाश देवांगन ने साड़ी बनाना शुरू किया और फिर देखते ही देखते गांव के कई अन्य लोग इस कार्य से जुड़ गए। आज की स्थिति यह है कि अरुण मेहर की पहल से सौ से अधिक बुनकरों को नियमित रोजगार मिल रहा है। इनमें पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं और बच्चे भी काम में जुटे हुए हैं। बाधी साड़ी के इस काम ने बुनकरों के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। जहां पहले वे बेरोजगारी और कर्ज की चिंता में डूबे थे, वहीं अब उनकी आमदनी लगभग दोगुनी हो गई है। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और समाज में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

देवांगन समाज के चंद्रप्रकाश, चांदलाल, जयकिशन, गणेशराम, पुनीराम, धनेश्वर, महेंद्र, फिरंगीराम, तेरसराम, नागेशराम, रामप्रसाद, प्रकाश, चंद्रकांत, सागर, गगन सहित कई अन्य बुनकरों ने अरुण मेहर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। समाज ने सामूहिक रूप से उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।

